अमर उजाला

हरियाणा । दिल्ली । चंडीगढ़ । पंजाब । उत्तर प्रदेश । उत्तराखंड । हिमाचल । जम्मू-कश्मीर

महासमर वर्ष अंक 102 पृष्ठ । 22+16+28 मूल्य । चार रुपये

बरेली । शुक्रवार । 29 अप्रैल 2016

एसआरएमएस के छात्रों ने जाने सफलता के पंचभुज

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इंसपायर इंटर्नशिप-2016 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मेंटर प्रो. लक्ष्मीकांत शर्मा रहे, जिन्हें नेशनल एकेडमी एंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नालॉजी, उत्तर प्रदेश के सदस्य हैं। इन्हें बेस्ट साइंस टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रो. लक्ष्मीकांत ने छात्रों को सफलता पंचभुज के के बारे में बताते हुए कहा कि इमेजिनेशन, क्रिएशन, ज्ञान, स्किल और एक्शन सफलता के लिए जरूरी हैं। उन्होंने बताया की डेक्लोफिनाइक सोडियम ड्रग के कारण गिद्धों की संख्या कम हो रही है। जो कि हमारी खाद्य शृंखला का प्रमुख अंग है। इसे

वीडियो के माध्यम से दिखा गया। उन्होंने अंधविश्वास की अवधारणा को विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों से गलत साबित किया। उनसे छात्रों ने सवाल भी पूछे। उन्होंने नमक में आयोडिन का प्रयोग करने और पानी में विषाणु को मापने की किट दिखाई। इससे पहले रतीश अग्रवाल ने इंसपायर इंटर्नशिप के मूलभूत उद्देश्यों के बारे में बताया। इस मौके पर संस्था के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, डॉ. जगन्नाथ साहू, डॉ. केके तिवारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमर प्रताप सिंह ने किया।